सीवी रमन के जन्म दिन पर लगा विज्ञान मेला

मुंगेली। देश के महान वैज्ञानिक सीवी रमन के जन्मदिन के अवसर पर सोनकर कॉलेज में विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विज्ञान मेला में विज्ञान से संबंधित 21 प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें प्रथम स्थान वैक्यूम क्लीनर, द्वितीय स्थान हैंड सेनीटाइजर और रेन वाटर हार्वेस्टिंग, तृतीय पुरस्कार डीएनए मॉडल इस तरीके से मॉडल की प्रस्तुति विद्यार्थी द्वारा दिखाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय विज्ञान महाविद्यालय के वनस्पति विभाग के विभाग अध्यक्ष एसके तिवारी तथा महाविद्यालय के डायरेक्टर शिव आशीष सोनकर एवं कॉलेज स्टाफ से बलराम देवांगन, सत्यवती शुक्ला, सुषमा सोनकर, अलका शर्मा, डिसन बंजारा, वंदना कश्यप और अन्य कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।